**Q.1.** भागिक-पालन और साम्यिक विबन्धन के सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए और इनमें प्रभेद कीजिए।
Discuss the doctrines of part-performance and equitable estoppel and distinguish between them.

**Q.2.** 'चयन के सिद्धान्त का आधार यह है कि कोई व्यक्ति एक ही समय अनुमोदन एवं अस्वीकार नहीं कर सकता। विवेचना कीजिए और उत्तर उदाहरण सहित दीजिए।
"The foundation of Doctrine of Election is that no one can approbate and reprobate at the same time." Discuss and illustrate your answer.

**Q.3.** किन परिस्थितियों में एक दृश्यमान स्वामी द्वारा स्थावर सम्पत्ति का अन्तरण वास्तविक स्वामी पर बन्धनीय होगा ?
Under what circumstances is a transfer by an ostensible owner of immovable property binding on the real owner?

**Q.4.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये-
(a) विचाराधीन वाद का सिद्धांत,
(b) शाश्वतिक अन्तरण का सिद्धान्त,
Write short notes on the following-
(a) Doctrine of lis pendens
(b) Rule against perpetuity

**Q.5.** प्रत्येक सम्पत्ति का हस्तान्तरण किया जा सकता है। क्या सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत इसके कुछ अपवाद हैं? समझाइये।
All properties can be transferred. Are there any exceptions to this rule under the Transfer of Property Act?

**Q.6.** "दान को परिभाषित कीजिए। एक वैध दान के क्या आवश्यक तत्व होते हैं ? दान को कब निलंबित और प्रतिसंहरित किया जा सकता है? निर्णित वादों की सहायता से विवेचना कीजिए।
Define 'Gift. What are the essentials of a valid gift? When can a gift be suspended or revoked? Discuss with the help of decided cases.

DHYEYA LAW

**Q.7.** बम' जो एक आवास सोसाइटी का सदस्य है, सोसाइटी से एक भूखंड खरीदता है और बाद में उसे 'द' को जो सोसाइटी का सदस्य नहीं है, बेंच देता है। सोसाइटी की उप-विधियों में ऐसा अन्तरण अनुज्ञात नहीं है। 'म' का कहना है कि सोसाइटी की यह उप-विधि सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 10 का उल्लंघन करती है। निर्णय कीजिए।

"M" a member of a housing society purchases a plot and later on sells it to "D", a non-member. Under the bye-laws of the society, such transfer is not permitted. "M" claims that the bye-law of the society infringes Section 10 of the Transfer of Property Act Decide.

**Q.8.** दोहरी सम्भावनाओं के विरुद्ध नियम" की विवेचना कीजिये। क्या किसी अजन्मे व्यक्ति अथवा माता के गर्भ के बच्चे के पक्ष में पृथक रूप से एक वैध अन्तरण किया जा सकता है ? यदि हाँ, तो उसकी शर्ते उचित उदाहरण के साथ बताइए।

Discuss the rule against 'Double possibilities". Explain whether valid transfer can be made in favour of an unborn person? If so, state the conditions with suitable illustrations.

**Q.9.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 53-A "हक" नहीं प्रदान करती है। यह किसी हक रहित व्यक्ति के "कब्जे " की प्रतिरक्षा करती हैं। क्या उपरोक्त वाक्यांश से आप समहत हैं ? कारण देते हुए निर्णीत वादों की सहायता से उत्तर दीजिए ।

Section 53-A of the Transfer of Property Act does not confer" title". It enables a person without title to defend his "possession. Do you agree with the above statement? Give reasons for your answers with the help of decided cases.

**Q.10.** (a) बन्धकमोचन कराने का अधिकार क्या होता है? क्या इस अधिकार को सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत वैध रूप से संक्षिप्त किया जा सकता है? समझाइये।

(b) अ' ने अपनी सम्पत्ति को 30 साल के लिए 'ब' के पक्ष में अन्तरित किया और अवशेष को 'स' के सबसे बड़े लड़के को, जो अन्तरण के समय जनमा नहीं था। क्या 'स' के उक्त लड़के के हक में अन्तरण वैध होगा ?

(a) What is equity of redemption? Can this right be validly curtailed under the Transfer of Property Act?

(b) A transfers his property to B for thirty years and the property which will remain thereafter to the eldest son of C, unborn at the time to transfer. Is the transfer in favour of the said son of C legal?

DHYEYA LAW